जयपुर में राज्य स्तरीय और जोधपुर व उदयपुर में संभाग स्तरीय मेलों का होगा आयोजन

चर्चा में क्यों?

30 मई, 2023 को राजस्थान के कृषि एवं उद्यानिकी शासन सचिव डॉ. पृथ्वी की अध्यक्षता में पंत कृषि भवन में आयोजित किसान मेले की बैठक में शासन सचिव ने बताया कि जयपुर में राज्य स्तरीय और उदयपुर एवं जोधपुर में संभाग स्तरीय मेलों का आयोजन किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- शासन सचिव ने बताया कि जे.ई.सी.सी. सीतापुरा, जयपुर में राज्य स्तरीय मेले का आयोजन 16 से 18 जून तक किया जा रहा है। साथ ही 23 से 24 जून तक उदयपुर में एवं 30 जून एवं 01 जुलाई को जोधपुर में संभाग स्तरीय मेलों का आयोजन किया जा रहा है।
- राज्य स्तरीय मेले में 50 हज़ार और संभाग स्तरीय मेले में 20-20 हजार कृषक हिस्सा लेंगे।
- डॉ. पृथ्वी ने कहा कि राजस्थान में कृषि उत्पादकता और किसानों को नवीनतम तकनीकों से रूबरू करवाने के लिये राज्य सरकार कृषक मेलों का आयोजन कर रही है ताकि कृषि, प्रौद्योगिकी और व्यापार के क्षेत्र में लोगों को एक मंच पर लाया जा सके।
- कृषि आयुक्त कानाराम ने बताया कि तीन-दिवसीय मेले में नयी तकनीकें कृषकों को सिखायी जाएंगी जिससे कम लागत में अधिक आय प्राप्त हो सके और कृषक आर्थिक रूप से मजबूत बनें।
- कृषि आयुक्त ने कहा कि मेले का उद्देश्य किसानों को नवीनतम तकनीकी की जानकारी, आधुनिक कृषि पद्धतियों का प्रचार, कृषि क्षेत्र में नये विचारों और उद्यमशीलता समाधानों की प्रदर्शनी के लिये विभिन्न हितधारकों को मंच प्रदान करना एवं नये व्यवसायिक अवसरों और विकास के रास्ते तक पहुँच प्रदान करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-level-fairs-will-be-organized-in-jaipur-and-divisional-level-fairs-in-jodhpur-and-udaipur